Further Please note that pursuant to the amendment to Regulation 12 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, effective from November 19, 2025, the company would be unable to pay dividends through physical instruments to the shareholders whose Bank account details are not updated. Such members are requested to register their bank account details with the DP in case of shares held in demat form, or with the RTA in case of shares held in physical form by submitting Forms ISR 1, ISR 2 and SH 13 along with requisite documents.

The Shareholders may contact Company Secretary of the company for any grievances connected with the electronic voting.

The Voting Results shall be submitted to the BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited within two working days from the conclusion of the AGM. The declared results, together with the Scrutinizer's Report, shall also be placed on the website of the company and on the website of NSDL

SEBI vide its updated Circular HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/1/3750/2026 dated January 30, 2026 has provided a special one year window, from February 05, 2026, to February 04, 2027, for investors to re-lodge old physical share transfer deeds that were originally submitted before April 1, 2019, but were rejected, returned, or not processed due to deficiencies.

By order of the Board
For **ARIHANT CAPITAL MARKETS LIMITED**
Sd/-
**Mahesh Pancholi (Company Secretary)**
**M. No. F-7143**

**Place: Indore**
**Date: 02.09.2026**

## एक नजर

### वीडियो बनाने पर पुलिसकर्मियो ने की मारपीट

इंदौर,(नप्र)। हीरानगर थाने में पदस्थ दो पुलिसकर्मियों पर दो युवकों से मारपीट करने का आरोप लगा है। 31 अगस्त और 1 सितंबर की रात करीब 3 बजे लसूडिया इलाके में मोबाइल से वीडियो बनाने की बात को लेकर पुलिसकर्मियों और युवकों में विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों पुलिसकर्मी युवकों को हीरानगर थाने ले आए। परिजनों की शिकायत के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला लसूडिया इलाके में एक कॉल सेंटर के पास का है। पुलिसकर्मी रितेश पाटीदार और पोप सिंह वहां चाय पीने पहुंचे थे। इसी दौरान आयुष बगोरिया और तनय वै ाव मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। पुलिसकर्मियों को शंका हुई कि दोनों युवक उनका वीडियो बना रहे हैं। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई और आरोप है कि दोनों पुलिसकर्मियों ने युवकों के साथ मारपीट की। इसके बाद दोनों को लसूडिया इलाके से हीरानगर थाने ले आए। अगले दिन दोनों युवकों के परिजन हीरानगर थाने पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद युवकों को छोड़ दिया गया और उनके परिजनों के आवेदन पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू की गई।

### टेलीकॉम कंपनी के कर्मचारी ने लगाई फांसी

इंदौर,(नप्र)। हीरानगर क्षेत्र में रहने वाले 45 वर्षीय टेलीकॉम कंपनी कर्मचारी ने बुधवार को किराए के कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से 4 पन्नों का सुसाइड नोट मिला है। इसमें मृतक ने पत्नी और ससुराल वालों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद बैतूल से उसके परिजन इंदौर के लिए रवाना हो गए हैं। हीरानगर टीआई सुशील पटेल के अनुसार मृतक की पहचान रवि (45) पिता बाबूराव देशमुख के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बैतूल के रहने वाले थे और इंदौर के सुखलिया क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर निजी टेलीकॉम कंपनी में काम करते थे। रवि की 14 साल की बेटी है, जो अपनी मां के साथ अलग रहती है।

### तर्क, हास्य और हाजिरजवाबी का जोरदार मुकाबला



इंदौर। खंडेलवाल क्रिएटिव ग्रुप (केसीजी) द्वारा इंदौर में 'जुबानी जंग' नामक अनूठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छह टीमों के बीच तीन राउंड में हुए इस मुकाबले में प्रतिभागियों ने तर्क, हास्य, हाजिरजवाबी और वक्तृत्व कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार हितेश-शीतल खंडेलवाल, मनीष-रीना वैद एवं अमित-आकांक्षा रहे। केसीजी के चेयरमैन आलोक-मेघना खंडेलवाल एवं सेक्रेटरी अतुल-शालिनी खंडेलवाल ने बताया कि खंडेलवाल क्रिएटिव ग्रुप पिछले 22 वर्षों से अनूठे और रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से सदस्यों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच देता आ रहा है। प्रत्येक आयोजन में कुछ नया और रचनात्मक करने का प्रयास किया जाता है।

### फर्जी सिम बेचने वाले 4 आरोपियों पर केस

इंदौर,(नप्र)। एमआईजी पुलिस ने फर्जी सिम बेचने और सप्लाई करने के मामले में 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। गृह मंत्रालय से मिले निर्देशों के बाद इंदौर क्राइम ब्रांच ने तकनीकी जांच के जरिए फर्जी सिम से जुड़े लोगों को चिह्नित किया था। जांच में इन सिम के जरिए 100 से ज्यादा लोगों से संपर्क किए जाने की जानकारी सामने आई है। क्राइम ब्रांच की रिपोर्ट के आधार पर एमआईजी पुलिस ने भगवान दास जुनवाल, राजेश चौधरी, हिमांशु और आशीष शर्मा के खिलाफ साइबर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस फर्जी सिम से जुड़े नेटवर्क और इसके इस्तेमाल की जांच कर रही है। पुलिस पूछताछ में सोमनाथ की चाल में रहने वाले सिम वेंडर रोहित दलवे ने बताया कि उसने 15 मार्च को राजेश को सिम दी थी। इसके लिए उसने ज्यादा रुपए लिए थे। राजेश ने पूछताछ में बताया कि उसने यह सिम भगवान दास को ज्यादा रुपए में दी थी। पुलिस भगवान दास को थाने लेकर आई तो उसने हिमांशु और आशीष को रुपए के लालच में सिम देने की बात बताई। पुलिस के मुताबिक, ऑनलाइन ऑर्डर के नाम पर खातों में रुपए डलवाने के लिए इन सिम का इस्तेमाल किया गया। फर्जी सिम से जुड़े मामले में इंदौर पुलिस की यह दूसरी कार्रवाई है। पुलिस अब मामले से जुड़े मोबाइल नंबर, खातों और अन्य संपर्कों की जांच कर रही है।

# नायब तहसीलदार बनकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से ठगी

## शौचालय मरम्मत के नाम पर 50 हजार भेजने का दिया झांसा और खाते से निकल गए रुपए

इंदौर,(नप्र)। बाणगंगा इलाके में नायब तहसीलदार बनकर एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने आंगनबाड़ी में शौचालय की मरम्मत के नाम पर रुपए भेजने का झांसा दिया और महिला के खाते से 50 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। शिकायत के बाद बाणगंगा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक नंद नगर निवासी केशकली पाल यादव एक अस्पताल में काम करती हैं। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर वैक्सीनेशन का काम करती हैं। 4 अगस्त की दोपहर वह अपनी साथी कांता के साथ थीं। इसी दौरान उनके मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को अधिकारी बताते हुए कहा कि उसकी उनके 'सर' से बात हो चुकी है।

### आरोपी बोला-आप ही के खाते में राशि डालना है

उसने बताया कि आंगनबाड़ी के शौचालय की स्थिति खराब है और उसकी मरम्मत करवानी है। आरोपी ने मरम्मत के लिए रुपए उनके खाते में भेजने की बात कही। केशकली ने पहले अपने अधिकारी के खाते में भुगतान करने की बात कही, लेकिन आरोपी ने कहा कि अधिकारी ने उन्हीं के खाते में रुपए डालने को कहा है। आरोपी ने पहले 10 रुपए भेजे और मोबाइल पर मैसेज आने की पुष्टि करने को कहा। इसके बाद 39 हजार 990 रुपए का ट्रांजैक्शन मैसेज भेजा गया, जिसे आरोपी ने तकनीकी कारणों से फेल होना बताया। उसने कहा कि भुगतान खाते में नहीं पहुंच रहा है और अब केशकली के खाते में ही रुपए भेजे जाएंगे।

# डेढ़ करोड़ के संदिग्ध लेनदेन वाला म्यूल बैंक खाता पकड़ा

इंदौर,(नप्र)। साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक संदिग्ध म्यूल बैंक खाते की जांच कर उसके खाताधारक को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि खाते से करीब डेढ़ करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है। पुलिस को आशंका है कि इसमें फ्रॉड की रकम का इस्तेमाल किया गया है। बैंक रिकॉर्ड की जांच के बाद खाते का संबंध इंदौर निवासी अभिषेक तिवारी, निवासी गणेश नगर रोड, हिमालय कॉलोनी से सामने आया।

**कई राज्यों से मिली थी खाते की जानकारी**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि अलग-अलग राज्यों की पुलिस और एजेंसियों से एक बैंक खाते को लेकर जानकारी मिली थी। इसमें करीब डेढ़ करोड़ रुपए के लेनदेन की बात सामने आई थी। रकम के साइबर फ्रॉड से जुड़े होने की आशंका के बाद क्राइम ब्रांच ने बैंक रिकॉर्ड और लेनदेन की जानकारी जुटाई।

**15 राज्यों की साइबर ठगी से जुड़ी कड़ियां-** अधिकारियों के मुताबिक, जांच में खाते से देश के अलग-अलग हिस्सों में दर्ज साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतों की कड़ियां मिली हैं। क्राइम ब्रांच अब खाते में रकम कहां से आई, किन खातों में ट्रांसफर हुई और इसका इस्तेमाल किन साइबर अपराधों में किया गया, इसकी जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि अभिषेक तिवारी ने खाता स्वयं इस्तेमाल किया या किसी अन्य व्यक्ति को उपलब्ध कराया था।

**म्यूल अकाउंट के जरिए होती है फ्रॉड की रकम की आवाजाही-** साइबर अपराधों में म्यूल बैंक अकाउंट का इस्तेमाल ठगी की रकम को एक खाते से दूसरे खाते में भेजने के लिए किया जाता है। कई मामलों में खाताधारक कमीशन के बदले अपना बैंक खाता दूसरे लोगों को उपलब्ध करा देते हैं।

## चॉकलेट फैक्ट्री में निर्धारित सीमा से अधिक 375 क्विंटल शकर का मिला स्टॉक, जब्त



इंदौर,(नप्र)। मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू किए गए शक्कर नियंत्रण आदेश-2026 के तहत इंदौर में खाद्य विभाग की टीम द्वारा शक्कर के स्टॉक की जांच के लिए प्रभावी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पालदा स्थित एक चॉकलेट निर्माण इकाई में निर्धारित स्टॉक सीमा से अधिक शक्कर पाए जाने पर 375 क्विंटल शक्कर जप्त की गई है। प्रकरण में आगे की जांच एवं कार्रवाई जारी है।

खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पालदा स्थित पैपे न्यूट्रिशन, 360/1 उद्योग नगर, पालदा, इंदौर का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान निर्धारित स्टॉक सीमा से अधिक शक्कर का भंडारण पाए जाने पर मौके से 375 क्विंटल शक्कर जप्त की गई। प्रतिष्ठान के भागीदारों से संबंधित दस्तावेज एवं स्टॉक का परीक्षण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की टीम द्वारा पालदा क्षेत्र में स्थित शक्कर डीलरों के गोदामों का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान आकाश एंटरप्राइजेज में 2820 क्विंटल, प्रतीक ट्रेडर्स में 2885 क्विंटल, राज ट्रेडर्स में 2378 क्विंटल, अशोक इंटरप्राइजेज में 2600 क्विंटल, सार्थक इंटरप्राइजेज में 2578 क्विंटल, कशिश इंटरप्राइजेज में 1595 क्विंटल, घनश्याम दास आनंदराम बहरारी ट्रेड्स में 1580 क्विंटल, कृति ट्रेडिंग पालदा में 3813 क्विंटल तथा स्वस्तिक इंटरप्राइजेज में 1641 क्विंटल शक्कर का स्टॉक पाया गया। जांच में उक्त सभी डीलरों के यहां शक्कर का स्टॉक भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 4000 क्विंटल की स्टॉक सीमा के भीतर पाया गया। खाद्य विभाग द्वारा शक्कर नियंत्रण आदेश-2026 के प्रावधानों के तहत जिले में शक्कर के स्टॉक एवं भंडारण की सतत निगरानी की जा रही है। निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## इंदौर शहर की बिजली वितरण क्षमता 1750 एमवीए हुई

इंदौर,(नप्र)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर इंदौर शहर की बिजली वितरण क्षमता में सतत वृद्धि करने, अत्याधुनिक तकनीक के उपभोक्ता सेवा कार्यों में उपयोग, गुणवत्तापूर्ण मैंटेनेंस के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को इंदौर शहर के पश्चिम संभाग अंतर्गत संगम नगर के 33/11 केवी सब स्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर को मौजूदा क्षमता 5 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। अब इस सब स्टेशन के सभी पावर ट्रांसफार्मरों को मिलाकर कुल बिजली वितरण क्षमता 30 एमवीए हो गई हैं। कंपनी के इंदौर शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनेंद्र गर्ग ने बताया कि अब शहर की कुल बिजली वितरण क्षमता 1750 एमवीए हो गई हैं।

**आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) एवं निम्न आय वर्ग (एल.आई.जी.) श्रेणी में भूखण्डों के विक्रय/आवंटन के संबंध में सूचना**

**ओएस्टर ग्रीन माउण्ट 5 मिर्जापुर तहसील भिचौलीहप्सी व जिला इन्दौर**

भूखण्ड की योजना " मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 और उसके अधीन बनाए गए म.प्र. ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के अंतर्गत हमारे द्वारा ग्राम बड़ियाकिमा तहसील भिचौलीहप्सी नगर व जिला इन्दौर, के सर्वे क्रमांक 170/1/1, 170/2/1, 171/1. 170/1/2 एवं 170/2 पैकि पर विकसित आवासीय कॉलोनी " ओएस्टर ग्रीन माउण्ट नाम दिया गया है। नगर तथा ग्राम निवेश से मानचित्र स्वीकृत करवाया गया है तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जिला इन्दौर द्वारा उक्त भूमि का व्यपवर्तन कराकर, कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर के द्वारा 350/बी-121/2023-24 दिनांक 11/09/2023 द्वारा विकास अनुमति प्राप्त कर उक्त भूमि पर आवासीय कालोनी ओएस्टर ग्रीन माउण्ट 5 का निर्माण किया गया है।योग्यता मापदण्ड:- 1. आवेदक म.प्र. का मूल निवासी हो (सक्षम प्राधिकारी द्वारा मूल निवासी प्रमाण पत्र) 2. आवेदक को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग / निम्न आय वर्ग की पात्रता हेतु कमजोर आय वर्ग का होना आवश्यक है। (सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी वार्षिक आय का प्रमाण पत्र) 3. आवेदक अथवा उसके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से म.प्र. राज्य में कोई आवास / भूखण्ड न हो। (शपथ पत्र / घोषणा पत्र) 4. कोई भी आवेदन पत्र स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार कलेक्टर का होगा। उक्त सभी दस्तावेज की छायाप्रति राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित कर आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। 5. भूखण्ड का आवंटन लाटरी सिस्टम से किया जावेगा जिसमे अंतिम निर्णय प्रबंधक का मान्य होगा।

**फर्म का नाम -शियोना देवकॉन एल.एल.पी. तर्फे पार्टनर श्री अरूण अग्रवाल**
**पता:- 9/2/4, एम.जी. रोड़, इन्दौर म.प्र. मो नं. 9893123592**

**CHANGE IN NAME**

I, Mohammad S/O Hateem Ali Bohra, here by declare that I have changed my name name is

**Mohammed Bharmal**
**S/O Hateem Ali Bohra**

so, from now and in future I will be known by my new name.

**Mohammed Bharmal**
**S/O Hateem Ali Bohra**

Add : Ward No. 09
Thana Road Mundi East Nimar MP.

**सार्वजनिक सूचना / विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र में मेरे पुत्र का नाम **"DEV KUMAR URF JAYDEV (देव कुमार उर्फ जयदेव)"** अंकित है, जबकि मेरे पुत्र का सही एवं प्रचलित नाम **"DEV KUMAR (देव कुमार)"** है।

अतः जन्म प्रमाण-पत्र में अंकित नाम **"DEV KUMAR URF JAYDEV (देव कुमार उर्फ जयदेव)"** के स्थान पर **"DEV KUMAR (देव कुमार)"** किए जाने हेतु यह सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की जा रही है।

भविष्य में मेरे पुत्र को **DEV KUMAR (देव कुमार)** नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

| | |
|---|---|
| नाम: | DEV KUMAR |
| पुराना नाम: | DEV KUMAR URF JAYDEV |
| नया नाम: | DEV KUMAR |
| निवासी: | खण्डवा, मध्य प्रदेश |

स्थान: खण्डवा (म.प्र.)

**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक /111/का.से./2026 — **विज्ञप्ति** — इन्दौर, दिनांक 31.08.2026

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियो का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम- गौकन्या, तहसील-डॉ. अम्बेडकर नगर (महू), जिला-इन्दौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

| अ क्र. | कालोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रुप में बंधक रखे गये भूखंडो का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आवेदक नक्ष डेवलपर्स तर्फे अधिकृत पार्टनर 1. श्री अक्षय गोयल पिता श्री कृष्णकांत गोयल 2 श्री अक्षत गोयल पिता श्री कृष्णकांत गोयल पता:-एम-5, नवनीत दर्शन 16/2, ओल्ड पलासिया, इन्दौर (म.प्र.) कॉलोनी का नाम "SAMARTH PRIME" | ग्राम-गौकन्या, तहसील-महू, जिला-इन्दौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 75/1/2/1 रकबा 0.1235 हे., सर्वे नंबर 75/1/2/2 रकबा1.1585 हे., सर्वे नंबर 85/2/2 रकबा 1.0690 हे. कुल रकबा 2.351 हे. में से 2.234 हे. भूमि पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक MP7IGR17512026A1 0050536 2 इंदौर दिनांक 29.04.2026 से भूखण्ड क्र. 20, 71 से 76, 103 से 122, 134 से 144, 150 से 157 इस प्रकार कुल 46 भूखण्ड, जिसका कुल क्षेत्रफल 3352.98 वर्गमीटर है, बंधक रखे गये है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 46 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रुप में बंधक रखे गये है अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भुखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।
(कलेक्टर महोदय एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित)

अपर कलेक्टर
जिला-इंदौर

**// जाहिर सूचना //**

**( सुमेर नगर खंडवा में स्थित आवासीय मकान के संबध में )**

सर्वजन को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार **श्रीमती ममता पति मुकेश मंदनाणी** निवासी ज्योति नगर खंडवा द्वारा विक्रेता **श्रीमती खुशी बंसतानी पति स्व. श्री अशोक बंसतानी** निवासी गली नंबर 04 सिंधी कालोनी खंडवा की एकमेव मालकियत कब्जे का आवासीय मकान जो शहर खंडवा तरफ कुन्बी तहसील खंडवा की सीमा के अंतर्गत लोकमान्य तिलक वार्ड क्र. 33 के अंतर्गत सुमेर नगर खंडवा में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 483/1 जो कि परिवर्तित होकर परिवर्तित शीट नंबर 08 प्लाट नंबर 238 पैका तथा कालोनी के स्वीकृत नक्शे अनुसार भूखण्ड कं. डी/17 क्षेत्रफल 300 एवं डी/18 क्षेत्रफल 300 वर्गफीट इस प्रकार से कुल 600 वर्गफीट पर निर्मित दो मंजिला आवासीय मकान जिसकी चतुर सीमा-पूर्व दिशा को कालोनी का भूखण्ड कं. डी/16 पश्चिम दिशा को - कालोनी का आम रोड, उत्तर दिशा को इसी भूखण्ड का बकाया भाग, दक्षिण दिशा को कालोनी का भूखण्ड कं. डी/11 एवं डी/12 स्थित है उक्त संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध कर विक्रय मूल्य की आंशिक धनराशि का भुगतान मेरे पक्षकार द्वारा कर दिया है एवं इस संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का कोई ऋण, भार बोझ एवं किसी भी प्रकार का कोई हक, दावा स्वत्व अधिकार या किसी प्रकार क्रय विक्रय का संव्यवहार किया हो अथवा किसी भी व्यक्ति सा संस्था को कोई आपत्ति उजर हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय प्रमाण के लिखित में अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् विक्रय मूल्य की शेष धनराशि का भुगतान कर बिकी पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन मेरे पक्षकार द्वारा करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नही होगी सूचना जाने।

खंडवा दिनांक 30.08.2026

**जे.पी. माहेश्वरी अधिवक्ता रजि. न.-1162/2001**
कार्यालय-230 रामगंज वार्ड खण्डवा | मो.नं. 8989718808

**TEXMO PIPES AND PRODUCTS LIMITED**

TEXMO Solid & Leak Proof

**CIN: L25200MP2008PLC020852**
**Regd. Off.: 98, Bahadarpur Road,**
**Burhanpur (M.P.) 450331**
**Ph. :( 07325) 255122, Fax (07325) 253273**
Email: **texmopipe@texmopipe.com** Website: **https://texmopipe.com**

**CORRIGENDUM TO THE NOTICE OF 18th ANNUAL GENERAL MEETING TO BE HELD ON 11TH SEPTEMBER, 2026**

This Corrigendum to the Notice of 18th Annual General Meeting (AGM) dated 12th August, 2026, which is already sent to the Shareholders and the others who are entitled to receive the same, is being issued by the Company and they should also take note of the following:

1. In Explanatory Statement to item no 4, on page no 13 (as mentioned on bottom) of the Notice, following shall be added in sub-clause (a) of clause 2, i.e. **(a) The object of the Issue through Preferential Offer,** as mentioned hereunder:
The Company intends to utilize the proceeds raised through the issue towards the following objects:
(i) To support and meet out the working capital requirements of the Company in the ordinary course of business.

Intended utilization of the issue proceeds and tentative deployment schedule towards the objects of the issue has been set out herein below:

| Sr. no. | Particulars | Total amounts to be utilized for object (Rs. in lakhs) | Tentative timeline for utilization of Issue proceeds |
|---|---|---|---|
| 1 | To support and meet out the working capital requirements of the Company in the ordinary course of business | 698.44 | Within three months |
| | Total | 698.44 | |

2. In Explanatory Statement to item no 4, on page no 13 (as mentioned on bottom) of the Notice, following shall be added in before last paragraph in sub-clause (c) of clause 2, i.e. **(c) Pricing of the Preferential Issue**, as mentioned hereunder:
The Equity Shares of the Company are **frequently traded** on the Stock Exchange(s) in terms of Regulation 164 of the SEBI (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 ("SEBI ICDR Regulations").
3. In Explanatory Statement to item no 4, on page no 15 (as mentioned on bottom) of the Notice, following shall be substituted/replaced in sub-clause (q) of clause 2, i.e. **(q) Disclosure as specified in under Regulations 163(1)(j) of the SEBI (ICDR) Regulations,** should be read as follows:

**(q) Current and Proposed status of the allottee(s) post the preferential issues namely, Promoter or Non-Promoter:**
Pursuant to Regulation 163(1)(j) of the SEBI (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018, the current and proposed status of the proposed allottee(s) post the preferential issue is set out below:

| Sr. no. | Name of the Allottee(s) | Current Status | Proposed Status Post Preferential Issue |
|---|---|---|---|
| 1 | Mr. Sanjay Kumar Agrawal | Promoter | Promoter |
| 2 | Mrs. Rashmi Agrawal | Promoter | Promoter |

The aforesaid proposed allottee(s) are presently classified as Promoters of the Company and their status as Promoters shall continue to remain unchanged pursuant to the proposed Preferential Issue.

This Corrigendum should be read in continuation of and in conjunction with Notice of AGM sent to the Shareholders and the others who are entitled to receive the same.

This Corrigendum to the Notice of AGM will also be available on Company's website at https://texmopipe.com

Place: Burhanpur (M.P.)
Date: September 02, 2026

For: Texmo Pipes and Products Limited
Sd/-
Ajay Shrivastava
Company Secretary and Compliance Officer

**अरिहंत केपिटल मार्केट्स लिमिटेड**

ArihantCapital Generating Wealth

**CIN: L66120MP1992PLC007182**
**पंजीकृत कार्यालय:** 603, अटलांटिस टॉवर, प्लॉट नं. 13-ए, स्कीम नं. 78, विजय नगर, इंदौर-452010 फोन: 0731-4217100
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 1011, सॉलिटेयर कॉर्पोरेट पार्क, बिल्डिंग नंबर 10, प्रथम तल, अंधेरी-घाटकोपर लिंक रोड, चकाला, अंधेरी (ई), मुंबई–400093
ई-मेल: compliance@arihantcapital.com, वेबसाइट: www.arihantcapital.com

**34वीं वार्षिक साधारण सभा की सूचना, रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी, रिकॉर्ड तिथि एवं लाभांश**

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि अरिहंत केपिटल मार्केट्स लिमिटेड की **34वीं वार्षिक साधारण सभा ("AGM") शनिवार, 26 सितंबर, 2026 को प्रातः 11:30 बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC)/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम (OAVM) सुविधा के माध्यम से सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना आयोजित की जाएगी। बैठक में वार्षिक साधारण सभा की सूचना में उल्लिखित कार्यसूची के अनुसार विषयों पर विचार एवं निर्णय लिया जाएगा।

"MCA" के परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020 एवं परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, तथा परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020 और परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर, 2021 एवं सामान्य परिपत्र संख्या 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022 (सामूहिक रूप से "MCA परिपत्र") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("SEBI") के परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 एवं परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 दिनांक 05 जनवरी, 2023 (सामूहिक रूप से "SEBI परिपत्र") के अनुपालन में, 34वीं AGM की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी गई है, जिनके ई-मेल आईडी कंपनी अथवा उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (DP) के पास पंजीकृत हैं।

AGM की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषण प्रक्रिया 01 सितंबर, 2026 को पूर्ण कर ली गई है। AGM की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.arihantcapital.com**, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात BSE Limited (**www.bseindia.com**) एवं National Stock Exchange of India Limited (**www.nseindia.com**) तथा NSDL की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 एवं कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, यथासंशोधित, तथा SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("LODR") के विनियम 44 एवं भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी Secretarial Standard-2 साधारण सभा के अनुसार, कंपनी सदस्यों को AGM में प्रस्तावित संकल्पों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान कर रही है। कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग, AGM में VC/OAVM के माध्यम से भाग लेने तथा AGM के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु NSDL को नियुक्त किया है। रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी:

| | | |
|---|---|---|
| क) | रिमोट ई-वोटिंग प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | बुधवार, 23 सितंबर, 2026 को प्रातः 09:00 बजे (IST) |
| ख) | रिमोट ई-वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय | शुक्रवार, 25 सितंबर, 2026 को सायं 05:00 बजे (IST) |
| ग) | कट-ऑफ तिथि | शनिवार, 19 सितंबर, 2026 |

- वे सदस्य जो AGM में VC/OAVM के माध्यम से उपस्थित होंगे तथा जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से संकल्पों पर अपना मत नहीं दिया है और जो मतदान करने से अन्यथा प्रतिबंधित नहीं हैं, वे AGM के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना मत दे सकेंगे।
- एक बार किसी संकल्प पर सदस्य द्वारा मतदान कर दिए जाने के पश्चात् उसे बाद में परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा।
- ई-वोटिंग की प्रक्रिया एवं तरीके के संबंध में सदस्य साधारण सभा की सूचना में दिए गए निर्देशों का अवलोकन कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी/सहायता हेतु सदस्य NSDL की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** के हेल्प सेक्शन में उपलब्ध Frequently Asked Questions (FAQs) एवं E-voting Manual देख सकते हैं अथवा **evoting@nsdl.co.in** पर ई-मेल कर सकते हैं।

वे व्यक्ति जिन्होंने साधारण सभा की सूचना इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे जाने के पश्चात्, लेकिन कट-ऑफ तिथि 19 सितंबर, 2026 से पहले कंपनी के शेयर प्राप्त किए हैं तथा जिनका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा रखे गए Register of Beneficial Owners में दर्ज है, वे साधारण सभा की सूचना कंपनी की वेबसाइट अथवा NSDL की वेबसाइट पर देख सकते हैं तथा ई-वोटिंग हेतु अपना User ID एवं Password प्राप्त करने के लिए NSDL के ई-मेल **evoting@nsdl.co.in** अथवा कंपनी के ई-मेल **mahesh.pancholi@arihantcapital.com** पर अनुरोध भेज सकते हैं। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही NSDL की Remote E-Voting सुविधा पर पंजीकृत है, तो वह मतदान करने के लिए अपने मौजूदा User ID एवं Password का उपयोग कर सकता है।

**लाभांश हेतु रिकॉर्ड तिथि** - कंपनी ने वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने के लिए प्रस्तावित लाभांश, यदि AGM में अनुमोदित होता है, के लिए सदस्यों की लाभांश पात्रता निर्धारित करने हेतु शनिवार, 19 सितंबर, 2026 को रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की है।

लाभांश का भुगतान विभिन्न ऑनलाइन ट्रांसफर माध्यमों से उन सदस्यों को किया जाएगा, जिन्होंने अपने बैंक खाते का विवरण अद्यतन कर रखा है।

यह भी सूचित किया जाता है कि SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 के विनियम 12 में 19 नवंबर, 2025 से प्रभावी संशोधन के अनुसार, जिन शेयरधारकों के बैंक खाते का विवरण अद्यतन नहीं है, उन्हें कंपनी भौतिक माध्यमों से लाभांश का भुगतान करने में सक्षम नहीं होगी।

ऐसे सदस्यों से अनुरोध है कि वे डीमैट रूप में धारित शेयरों के मामले में अपने DP के पास तथा भौतिक रूप में धारित शेयरों के मामले में RTA के पास आवश्यक दस्तावेजों के साथ Form ISR-1, ISR-2 एवं SH-13 जमा कर अपने बैंक खाते का विवरण पंजीकृत/अद्यतन कराएं।

इलेक्ट्रॉनिक मतदान से संबंधित किसी भी शिकायत/समस्या के लिए शेयरधारक कंपनी के कंपनी सचिव से संपर्क कर सकते हैं।

साधारण सभा के समापन के दो कार्य दिवसों के भीतर मतदान परिणाम BSE Limited एवं National Stock Exchange of India Limited को प्रस्तुत किए जाएंगे। घोषित परिणाम, Scrutinizer's Report के साथ, कंपनी की वेबसाइट तथा NSDL की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

SEBI ने अपने अद्यतन परिपत्र HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/1/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के माध्यम से निवेशकों को पुराने भौतिक शेयर ट्रांसफर डीड, जो मूल रूप से 01 अप्रैल, 2019 से पहले प्रस्तुत किए गए थे तथा कमियों के कारण अस्वीकृत, वापस अथवा अप्रक्रियाकृत रह गए थे, को पुनः जमा करने के लिए 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक विशेष एक-वर्षीय अवसर प्रदान किया है।

बोर्ड के आदेश से
**अरिहंत केपिटल मार्केट्स लिमिटेड**
Sd/-
**महेश पंचोली (कंपनी सचिव)**
**सदस्यता संख्या: F 7143**

**स्थान: इंदौर**
**दिनांक: 02.09.2026**

**कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम,**
**उज्जैन छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन**
(Online) निविदा आंमत्रण सूचना

**विज्ञप्ति क्र./1371** — **उज्जैन दिनांक :- 19/08/2026**

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर आनलाईन (Online) निविदा आंमत्रित की जाती हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल SOR 02/08/2021 and 2025 UADD ISSR SOR प्रभावशील है। कार्य की आनलाईन क्रय करने व आनलाईन E.M.D. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 15/09/2026 समय 17.30 रहेगी। विस्तृत निविदा आंमत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना आनलाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्र. | टेण्डर फार्म का मूल्य | निविदा क्रमांक रिफरेंस क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्टमनी रु. | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 15,000/- | 2026_UAD_514740_2 102/Zone6/2025 | CM Monit A+ वार्ड क्रमांक 48 अंतर्गत एकता नगर नानाखेड़ा में बड़ा नाला एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य। | 2,02,34,258/- | 1,01,200/- | 210 दिन |

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम उज्जैन